हंस

वार्षिक पत्रिका - 2021

हंसराज कॉलेज
दिल्ली विश्वविद्यालय



MAHATMA HANSRAJ

(1864-1938)

The College was founded to preserve the memory of Mahatma Hansraj, acknowledged as the founding father of the D.A.V. movement in undivided India. Frail in body but heroic in sprit, Mahatmaji was selflessly dedicated to the course of education. He started his career as the Honorary Founder Headmaster of D.A.V. School, Lahore, in 1886 and over the next 50 years went on to shape the destiny of the D.A.V. movement in India.

प्रकाशन समिति

- डॉ. विजय कुमार मिश्र
- सुश्री रूचि शर्मा
- डॉ. मन्जु
- डॉ. महेन्द्र प्रजापति
- डॉ. मनीष

समन्वयक

- श्री सुशील कुमार गुप्ता
  (प्रशासनिक अधिकारी)
- श्री अमित चौहान
  (वरिष्ठ सहायक)

प्रो. (डॉ.) रमा

प्राचार्या, हंसराज कॉलेज

'हंस' हंसराज कॉलेज की बहुभाषी वार्षिक पत्रिका है। इसमें हिंदी, अंग्रेज़ी और संस्कृत भाषा की रचनाएँ प्रकाशित की जाती हैं। कविता, कहानी, लेख, समीक्षा, साक्षात्कार आदि के माध्यम से हंसराज कॉलेज परिवार के सदस्यों की रचनात्मकता को सामने लाने की दृष्टि से यह बेहद महत्त्वपूर्ण है। अब तक की यात्रा में 'हंस' निरतंर प्रगति की ओर अग्रसर है। 'हंस' कॉलेज के युवा विद्यार्थियों के साथ ही रचनात्मक लेखन में रूचि रखने वाले प्राध्यापकों के लिए भी एक बड़ा मंच है। इसमें छात्र और प्राध्यापक दोनों की रचनात्मकता एक साथ उद्घाटित होती है। इसके माध्यम से नए लिखने वालों को एक बेहतरीन प्लेटफॉर्म तो मिलता ही है साथ ही निरंतर लेखन की विशिष्ट प्रेरणा भी मिलती है।

कॉलेज के दिनों में 'हंस' में प्रकाशित होने वाले विद्यार्थियों में से कई लोग आज साहित्य, सिनेमा, मीडिया, कला आदि क्षेत्रों में अपना उल्लेखनीय योगदान दे रहे हैं। ये सभी आज अपने अपने क्षेत्र में जिस चोटी पर खड़े हैं उसके मूल में हंसराज कॉलेज और 'हंस' पत्रिका का विशेष योगदान है।

इस वर्ष अपने परम्परागत स्वरुप और नए भावबोध के साथ 'हंस' आपके सामने है। इस वर्ष का यह 'हंस' कोरोना संक्रमण के दौर में आए ठहराव के बीच भी रचनात्मकता को बनाए और बचाए रखने की दिशा में निरंतर सक्रियता के साथ काम करते रहने के हमारे संकल्प का प्रतिबिम्ब है। इस वर्ष भी अनेक महत्त्वपूर्ण रचनाओं से युक्त 'हंस' बेहद खास है। इसमें प्रकाशित होने वाले विद्यार्थियों, शिक्षकों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ। उम्मीद करती हूँ कि आने वाले दिनों और वर्षों में ये सभी अपने लेखन से समाज और राष्ट्र को नई दिशा देने में समर्थ होंगे।

इस वर्ष के 'हंस' के संपादक मंडल को भी मैं हृदय से बधाई देती हूँ। अंत में मैं संपादक मंडल के सभी सदस्यों और सभी रचनाकारों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करती हूँ।

डॉ. विजय कुमार मिश्र

हंसराज कॉलेज की लंबी और गौरवशाली यात्रा के क्रम में हमारी वार्षिक पत्रिका 'हंस' का विशिष्ट स्थान है। इसके माध्यम से देश-दुनिया के सम्बन्ध में हमारे विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के अनुभव, दृष्टिकोण और संवेदनाएँ विविध साहित्यिक विधाओं के माध्यम से प्रकाशित होती रही हैं। उनकी भावनाओं, विचारों, रचनात्मकता आदि के प्रकटीकरण का एक बेहद उम्दा प्लेटफॉर्म है 'हंस'। इसके माध्यम से समय-समय पर विद्यार्थियों के द्वारा बनाए गए चित्र आदि के माध्यम से भी उनके भाव को विस्तार मिला है। कक्षाओं की औपचारिक शिक्षा प्रणाली और नियमित पाठ्यक्रम के मध्य इस प्रकार की रचनात्मक गतिविधियाँ विद्यार्थियों के समग्र विकास की दृष्टि से बेहद महत्त्वपूर्ण सिद्ध होते हैं।

संपादक मंडल ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता को कविता, कहानी, लेख, समीक्षा, चित्र, फ़ोटोग्राफ आदि के माध्यम से 'हंस' के इस अंक में आपके समक्ष प्रस्तुत किया है। इसमें प्रकशित हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत तीनों भाषाओं की रचनाएं हंसराज कॉलेज के विद्यार्थियों की भाषाई और रचनात्मक विविधता का द्योतक है।

रचनाएं आमंत्रित करने से लेकर, उनके चयन, प्रूफ और संपादन आदि की दृष्टि से संपादक मंडल के सदस्यों ने जो श्रमसाध्य कार्य किया है खासकर कोरोना संक्रमण के इस दौर में वह अभिनंदनीय है। 'हंस' का प्रकाशन हमारे संपादक मंडल के सदस्यों के साथ ही प्रशासनिक कर्मचारियों के सहयोग के बिना संभव नहीं था। ऐसे सभी लोगों का हृदय की गहराईयों से आभार। कॉलेज की प्राचार्या प्रो. रमा ने हमेशा की तरह इस बार भी समुचित मार्गदर्शन और प्रोत्साहन से इस अंक को अंतिम रूप देने में बड़ी भूमिका निभाई है। इसके लिए प्राचार्या मैम का विशेष धन्यवाद।

आशा है 'हंस' का यह अंक आप लोगों को पसंद आएगा और आपकी रचनात्मक संतुष्टि की दृष्टि से भी यह बेहद उपयोगी सिद्ध होगा।

सम्पादक मंडल

-डॉ. राजमोहिनी सागर

-डॉ. नृत्य गोपाल

छात्र-सम्पादक

-गोविंद उपाध्याय

-रविना धाकड़

विषयानुक्रमणिका

1. **आजमाइश सौगात** - डॉ. फरहत जहां
2. **सौगात** - डॉ. फरहत जहां
3. **कोरोना काल** - डॉ. अमित सहगल
4. **आदत** - डॉ. मुकुंद माधव मिश्र
5. **काजल** - डॉ. मुकुंद माधव मिश्र
6. **सावन तो फिर आएगा** - सचिन दुबे
7. **पढ़ाई मत छोड़ना** - ज्योति पाल
8. **अंकों की दौड़** - आयुष उप्रेती
9. **देश सेवाःपरमोधर्म** - पंकज सिंह
10. **मैंने सूर्य निकलते देखा है** - आर्यन
11. **निराकार** - ज्योति पाल
12. **बदलाव** - अक्षित कुमार
13. **बचपन के दिन** - अतुल कुमार श्रीवास्तव
14. **प्रकृति – सा जीवन** - स्वाति तिवारी
15. **उत्तर प्रदेश** - आकाश कुमार सिंह
16. **नारी** - गुलजहां
17. **सपना** - साक्षी सिंह
18. **दिवाली** - मंटू कुमार साह
19. **गरीब का हक कहाँ है** - विजय कुमार मीना
20. **नयन गीत** - प्रताप रजत
21. **गंगा की पुकार** - नितेश कुमार पांडे
22. **डोर जुड़ी है मेरे मन की** - शिवानी राजपूत
23. **अम्मा की टीस** - अलका तनीशा
24. **भावनाओं से बुना** - प्रीत चौधरी
25. **लफ्ज़** - अमीषा त्रिपाठी
26. **प्रकृति हर कलाकार की प्रेरणा है** - रिया उपाध्याय
27. **नहीं है तो मनुष्य** - मयंक
28. **वटवृक्ष** - प्रीत चौधरी
29. **जीवन में इतना संघर्ष क्यों है** - अंतरिक्ष श्रीवास्तव
30. **अंधेरे में उजाला** - नितेश कुमार पांडे
31. **मेरी दुनिया** - श्रोहन (कृष्णा मिश्रा)
32. **देश भक्ति कविता** - रामवीरेश यादव
33. **चमत्कार** - अलका तनीशा
34. **मैं हिंदी हूँ** - राम वीरेश यादव
35. **कोई और** - अंतरिक्ष श्रीवास्ताव
36. **रास्ता** - यशराज गुप्ता
37. **मैं काल हूँ** - शिवम सिंह
38. **कलाकृति** - तरुणेश्वर निखिल, मुस्कान रफ़िक

आज़माइश

डॉ. फ़रहत जहां
प्राणी विज्ञान विभाग

दिल के दर्द-ओ ग़म ज़रा मुझको बता कर देखना ।
पल दो पल को तुम मुझे बस आज़मा कर देखना
ज़िंदगी फिर से नज़र आएगी दिलकश और हँसी ।
अपनी आँखों में ज़रा अक्स लाकर देखना ।
बात सच है कि यक़ी एकदम से तो मुमकिन नहीं ।
हर तरीके से मुझे तुम आजमा कर देखना ।।
हर कदम पर पाओगे उम्र भर मुझे साथ में ।
मुझको तुम अपना ज़रा हमदम बना कर देखना।।
जिंदगी को इक ग़ज़ल तुमको बनाना है अगर ।
अपने होठों पर ज़रा मुझको सजा कर देखना।।
दिल है तेरा और तेरा ही रहेगा अब सदा ।
मेरी जानिब तुम ज़रा नजरें उठाकर देखना ।।
गर परखना चाहते हो तुम मुझे हमदम मेरे ।
तो ज़रा मेरे लिए खुद को मिटा कर देखना ।।

सौगात

डॉ. फ़रहत जहां
प्राणी विज्ञान विभाग

ज़िंदगी के इस सफर में तेरा साथ चाहिए।
है प्यासी ये ज़मीं इसे बरसात चाहिए ।।
रोते को हँसा दे वो तेरे लब अगर हिले ।
मुझको तो तेरे मन के वो जज़्बात चाहिए ।।
इन आँखों से निकले ना कभी एक भी आँसू ।
मुझको तो तेरे दिल का ऐसा अहसास चाहिए ।।
महसूस कर सकूं मैं तेरा दर्द हर घड़ी ।
मुझको खुदा से बस यही सौगात चाहिए ।।
'ऐ दोस्त' कुछ तो कह सकूं मैं तेरे वास्ते ।
'फ़रहत' ज़िंदगी से वो अल्फ़ाज़ चाहिए।।

कोरोना काल

डॉ. अमित सहगल
ऋणाणु विज्ञान विभाग

कैसा आया यह कोरोना काल, परेशानी में हमने नोच लिए बाल।
बीवी से हुई आज लड़ाई, कढ़ाई संग हमने सब्ज़ी जलाई।
घर पर बैठो यह है सरकार का कहना,
मुश्किल हो गया बीवी संग रहना।
चिंटू ने ऑनलाइन क्लास लगाई,
मैडम ने पढ़ाई छोड़ बच्चों को फटकार लगाई।

सोचा था अब ऑफिस से छुट्टी मिलेगी,
क्या पता था कंप्यूटर के आगे ज़िन्दगी पिलेगी।

चारों तरफ लगी खरीदने की होड़,
लोग रहे सोशल डिस्टेंसिंग को तोड़।
अब ना है कोई देरी का बहाना,
ऑफिस का मतलब है कम्प्यूटर के सामने जाना।

याद आती है वो ब्रेक में चाय की प्याली,
अब तो बस किचन में मांजते हैं थाली।

रहता है फ़ोन की घंटी का इंतजार,
बार-बार घड़ी देखता हूँ यार।
पशु-पक्षी बेपरवाह हैं सारे,
इंसान पिंजरे से उन्हें निहारे।
कब जाएंगे हम ससुराल या मायके,
कब बदलेंगें मुँह के ज़ायके।
यमराज कर रहा आजकल ओवरटाइम,
मृत्यु हो रही बिना कोई क्राइम।
बन्द हुए भगवान के घर सारे,
कोरोना ने सारे काम बिगाड़े।
कैसा आया यह कोरोना काल,
प्रगति की रुक गयी चाल
कैसा आया यह कोरोना काल,
कैसा आया यह कोरोना काल।

आदत

डॉ. मुकुन्द माधव मिश्र
गणित विभाग

दृश्य 1

(छोटी सी गोल मेज पर कुछ बिखरे पन्नों और कुछ पेन और पेंसिल के साथ एक डिजिटल टेबल घड़ी रखी है। घड़ी के साथ में काली फ्रेम में मोटे-मोटे लेंस वाला चश्मा पड़ा है। घड़ी में 5:59:50 का समय और MONDAY दिखा रहा है। 10 सेकंड बीतते हैं और घड़ी में अलार्म बजता है। बिस्तर में से लगभग 65 वर्षीय बूढ़ा अलसाते हुए उठता है, और उठने के साथ ही अपना चश्मा पहनता है।)

बूढ़ा : क्या मुसीबत है, हर रोज़ 6 बजे मशीन की तरह उठ जाओ। कोई सुकून नहीं है।

बिस्तर में सोई हुई अपनी बीमार पत्नी की ओर देखते हुए

-- आज तो चाय नाश्ता भी खुद ही बनाना होगा। कितनी बार कहा है सेहत का ध्यान रखा करो, लेकिन कौन समझाए इन्हें।

दृश्य 2

(गैस स्टोव पर पतीले में चाय चढ़ी है और टोस्टर में दो ब्रेड लगे हुए हैं। बूढ़े प्रोफेसर साहब ब्रश कर रहे हैं। हर बार कुल्ली करने के बाद थोड़ा रुकते हैं और बड़बड़ाते हैं)

-- 35 साल हो गए, वही सुबह हड़बड़ी में तैयार होकर कॉलेज पहुँचो, रूम न 29 में क्लास लगाओ। वही शेक्सपियर पढ़ाओ। इतनी रूटीन जिंदगी तो भेड़ों की भी नहीं होती।
किचन में आकर जल चुकी ब्रेड और चाय निकाल कर डाइनिंग टेबल पर नाश्ता करने लगते हैं। नाश्ते के साथ भी झुंझलाहट जारी है।

-- इतनी उम्र हो गई, बीवी बीमार हो सकती है, हम नहीं। हमें तो वही क्लास पढ़ाना, चाक की धूल निगलना।
(ब्रेड की एक बाइट मुंह में लेते हुए)

-- आसान होता है 50 बच्चों की क्लास में खड़े होकर दो घंटे चिल्लाना और फिर इतना ही तो नहीं है, क्लास टेस्ट, असाइनमेंट, ये कमिटी, वो कमिटी। इससे उबाऊ कुछ हो सकता है?

दृश्य 3

(प्रोफेसर औसत से कुछ तेज़ चलते हुए कॉरिडोर में अपने क्लासरूम की तरफ पहुँचता है। हाथ में किताब, रजिस्टर, चाक और डस्टर है। रूम के बाहर जाकर ठिठक कर रुक जाता है क्योंकि अंदर कोई और क्लास चल रही है जिसमें कोई युवा टीचर पढ़ा रहा है।)
बूढ़ा प्रोफेसर अपने आप से बात करता है।

--मुझे बिना बताए रूम बदल दिया क्या? ये टाइम-टेबल बनाने वाले भी कुछ भी करते हैं।
(हल्के से कमरे में झांकता है।)

-- स्टूडेंट्स तो मेरी ही क्लास के हैं।
एक बार अपनी घड़ी की तरफ फिर से देखता है और फिर खिड़की से क्लास के बोर्ड को देखता है।

-- अरे! ये क्या! ये तो मेरा ही पेपर पढ़ा रहा है।
तभी प्रोफेसर का फोन वाइब्रेट करता है। प्रोफेसर क्लासरूम से थोड़ा आगे हटकर फोन उठाते हैं। फोन उनकी बीवी का है।

प्रो.-- हाँ, बोलो!

बीवी -- अरे आज सुबह सुबह कहाँ निकल गए? शुक्रवार को अपनी फेयरवेल पार्टी से आये थे तो कहा था मंडे को बिटिया दामाद के घर चलेंगे, रिटायरमेंट के बाद कुछ समय नातियों के साथ बिताएंगे। अब सुबह उठ के देखा तो आप ग़ायब।

प्रोफेसर क्लासरूम की तरफ पलटता है, और अवाक सा देखता रह जाता है।

काजल

डॉ. मुकुन्द माधव मिश्र
गणित विभाग

लक्ष्मण रेखा तुम गंगा सी,
मैं जल में जल कर पिघल गया।
ना राख बची ना अस्थि पिंड,
कर्पूर सरीखा सब जल गया।
जो शेष बचा वह श्याम धूम्र,
काजल बन कर थम जाऊँगा।
माना काला कलंक सा हूँ,
नैनों में पर सज पाऊँगा।
विरहा ही मेरी नियति किंतु,
आंसू संग बह मिट जाऊँगा।।

सावन तो फिर आयेगा

सचिन दुबे
बी.एससी. गणित (विशेष) प्रथम वर्ष

सावन तो फिर आयेगा,
तुम न आओगी बारिश में,
न तुम बैठोगी झूले पर,
न मैं बैठूंगा झूले पर,
न होगा हाथ तुम्हारे काँधे पर,
फिर झूला भी तन्हाई में ऐसे ही जंग खायेगा,
सावन तो फिर आयेगा !
सावन तो फिर आयेगा,

तुम न आओगी नदीघाट पर,
न बूँदों में संग भीगोगी,
न पैर नदी में डालकर पंजों को टकराओगी,
न बौछार से बचने के खातिर छाते में संग आओगी,
फिर छाता भी तन्हाई में ऐसे ही टूट जायेगा,
सावन तो फिर आयेगा !!

पढ़ाई मत छोड़ना

ज्योति पाल
हिंदी (विशेष) प्रथम वर्ष

बातें होंगी , मुलाकाते होंगी,
लोग आयेंगे, लोग जायेंगे,
पर तुम सुनो,
पढ़ाई मत छोड़ना!
इश्क होगा इबादतें होंगी,
नफरते होगी आदतें होंगी,
पर तुम सुनो,
पढ़ाई मत छोड़ना,
जीवन होगा, मरण होगा,
खुशी और गम के आंसू बहेंगे,
पर तुम सुनो,
पढ़ाई मत छोडना ।

अंकों की दौड़

आयुष उप्रेती
बी. ए. प्रोग्राम प्रथम वर्ष

प्रतिभा अंकों के रूप में परिलक्षित होती है,उसका प्रतिमान है। किसी की अदम्य क्षमता और प्रतिभा की और कब नजर जाती है ?जब सहसा कोई खुद को अंकों के जरिए प्रकट करता है तब उसे संवारने और सहेजने की प्रक्रिया शुरू होती है। अंधानुसरण की भेड़-चाल में कैसे सही प्रतिभा को चिन्हित किया जाए, इसका एकमात्र मानक उसके द्वारा अर्जित अंक होते हैं। आज हर क्षेत्र में भयंकर प्रतिस्पर्धा है।

हर जगह नरमुण्ड दिखाई पड़ते हैं। किसे अवसर मिलना चाहिए, यह यक्ष प्रश्न है। इस अपार भीड़ में कुछ तो सार होगा। इस खारे समुद्र में कुछ तो रत्न होंगे ही। इसके लिए आंकिक मूल्यांकन रुपी मंथन करना पड़ता है। तब जाकर जगमगाते सितारे प्रकट होते हैं। उनके मस्तक उनके द्वारा प्राप्त अंकों से आलोकित होते हैं। सबसे अलग दिखने का कारण परिश्रम रूपी कांति होती है। उनकी लगन और एकाग्रता से पाए हुए अंक उनके कंठहार होते हैं। प्रतिभा को परखने के यह मानदंड हमें हमेशा प्रेरित करते रहते हैं।

आंकिक मूल्यांकन एक वैज्ञानिक प्रणाली है। इसे समय ने अनेक बार परखा है और यह सत्यापित हुई है, तभी तो शताब्दियों से यह प्रतिभाओं की खोज का आधार है। विश्व भर के इतिहास एवं साहित्य में उल्लेखित घटनाओं एवं कथाओं ने इस मूल्यांकन को सत्यापित किया है।

'डिजाइनर टैलेंट' या रोपित प्रतिभा की प्रतिकृति, नकल आदि का समग्र मूल्यांकन से कोई नाता नहीं है। कोई व्यक्ति अगर स्वयं को दिए गए काम जैसे पढ़ना और ज्ञानार्जन करना, करने में फिसड्डी हो तो वह प्रतिभावान कैसे हो सकता है ।

आज की परीक्षा पद्धति पुस्तकीय ज्ञान की सीमा से परे समग्रता में मूल्यांकन करती है। प्राप्तांको के आधार पर चयनित प्रतिभाओं को जब संवारा गया तो उन्होंने भारत के स्तर पर ही नहीं वरन् संपूर्ण विश्व भर में अपना डंका बजा दिया। भारत की मेधावी प्रतिभाओं की ओर सारा विश्व सम्मान की दृष्टि से देखता है।

अंकों की दौड़ शब्द नकारात्मक है परंतु यह दौड़ प्रतिभाओं के पिछड़ने की कारक कतई नहीं है। भारतीय ज्ञान के मंदिर जैसे आईआईटी, आईआईएम, डीआरडीओ, इसरो, आदि में सर्वाधिक मूल्यांकन से चयनित प्रतिभाओं की पूजा होती है, कुंठित भाग्यवादियों की नहीं। यही दौड़ हमें कर्तव्यपरायण बनाती है और नैया पार लगा सकती है।

देश-सेवाः परमोधर्मं

पंकज सिंह
एम. एससी.

आँखों में इक सपना था
कहने को ये देश अपना था
यहीं जन्म लिया
यहीं मरना था
पर उससे पहले
देश के लिए कुछ करना था
इस मातृभूमि का ऋण
हमको चुकता करना था
इसकी गौरव और अस्मिता
अपना सर्वस्व देकर भी बचाना था
जो ख्वाब था आँखों में
उसको जीवंत बनाना था
कंधे पर सितारे
छाती पर मेडल
हमको अपने सजाने थे
दूसरों से खुद को
हमको अलग बनाना था
देश सेवा के लिए
हमको सर्वस्व न्यौछावर कर जाना था
लोगों को भाती नौकरी
ठाठ ऐशो आराम की
लोगों से इतर
मेरा सपना हिन्दुस्तान था
जिस मिट्टी ने जन्म दिया
जिस मिट्टी ने धर्म दिया
अब उसको गले लगाना था
भारत माता के चरणों में
अपना शीश झुकाना था
ना ख्वाब था ना कोई सपना
बस इक अरदास थी
अपने आने वाले कल से
जो कर सकूँ मैं चुकता
ऐसा मुझे वरदान दे
भारत माँ की गोद में
मुझको तू सौंप दे
भारत के वीर प्रहरी बन
हमको जीवन जीना है
धन्य हुआ मैं इस जीवन में
जो जन्म यहाँ पाया है
देशों की गिनती नहीं
इस धरा इस जहान में
पर माँ कहलाती केवल हिन्दुस्तान है
इस माँ की गौरव की खातिर
पागल सारा हिन्दुस्तान है
जो जन्म लिया है इस धरा पर
तो इसका धर्म निभाऊँगा
मरने से पहले इसको स्वर्ग बनाऊँगा
कहने को है अनमोल धरा
मुझे इसका कर्ज लौटाना है
जो देखा स्वप्न खुली आँखों से
उसको यर्थाथ बनाएँगे
देश की सेवा में हम
अपना सर्वस्व लुताएँगे ।

मैंने सूर्य निकलते देखा है

आर्यन

मैंने सूर्य निकलते देखा है
उसे साथ में चलते देखा है
मेरे सामने ढलते देखा है
मैंने वक़्त बदलते देखा है

साईकल पर मीलों चलते थे
ऋतुओं को बदलते देखा है
भोर से सांझ बाहर रहते
भूख मचलते देखा है
कभी सुबह तो कभी शाम
दीपक भी जलते देखा है
कांधों पर टाँगे बस्ता
लोगों को बदलते देखा है
उस सूरज को भी मैंने
अपना रंग बदलते देखा है
मैंने वक़्त बदलते देखा है...

निराकार

ज्योति पाल
बी.ए. हिंदी (विशेष) प्रथम वर्ष

वह आज आज में मस्त हुआ
आगे का ना सोचा उसने
फिर आगे जाकर जीवन भर उसको
पछतावा और कष्ट हुआ
वह बहते नीर को देख - देख
प्रफुल्लित खुद को करता था
फिर एक दिन उसने नीर को
रोका ..... और खुद को
उसमें ही मदमस्त किया , फिर
बाधाओं के सागर ने उस बांध
को एक दिन तोड़ दिया
एक बाढ़ आयी मर्यादा की
जो सबकुछ बहा ले चली गई
जब जाना हाल अपना
तो आशाओं से गश्त हुआ
वो जो था बांधने चला नीर को
रिश्तों से वह हार गया
समाज शास्त्र का ज्ञानी था
पर राजनीति से हार गया
जो बाढ़ आई थी पानी की
उसमे तो बचना मुमकिन था
पर आशाओं की बाढ़ ने
उस बेचारे को मार दिया
हत्या हुई थी सरे आम
पर कोई नहीं कह पाता था
जिसने ये अत्याचार सहे
वह हर चोट सहन कर जाता था
जो बोला उसका हश्र देख
सब खुद ही चुप हो जाते हैं
वे सब उन्हीं का खाते हैं
वे सब उन्हीं की गाते हैं
खाने गाने से दूर करो तो
सब में थी एक आग दफन
फिर एक दिन एक चिंगारी ने
उस आग को फिर से जला दिया
वह जलती आग को देख देख
खुद उससे ठंड मिटाता था पर
अपने भीतर की तपिश को
वह सहन नहीं कर पाता था
फिर एक दिन उस तपिश ने उस
हारे पर प्रहार किया
वह गैरों से तो सुरक्षित था
पर अपनों ने था वार किया
जब इन सब का प्रतिकार हुआ
जब मानवता पर वार हुआ
उसको पाया जब मृत सबने तब
उस जगह पर हाहाकार हुआ
वह चला गया तो क्या हुआ
स्मृतियों में वो आता था
उसको सब वहीं पर पाते थे
जहां पर वह निर् - आकार हुआ।

बदलाव

अक्षित कुमार
बी.एससी. (विशेष) गणित, प्रथम वर्ष

ऐ बेखबर
बेखबर वालों का
"बदलाव जरूरी है।"
परिणाम देखिए
गाँव बन चुके शहर,
शहर बन चुके जंगल।
चलने वाले इंसान,
आज बन चुके जानवर।
कल तक के थे मददगार,
आज हर काम मे हराने के दाब ढूँढ़ते हैं।
बड़े अजीब हैं ये लोग,
कुल्हाड़ी लेके छाँव ढूँढ़ते हैं
जो अपनों को देख हँसते थे ,
वो अपनों को देख आँख मूँद लेते हैं
जिनकी गरीबी अमीरों से गजब थी
वो भी आज दिखती राहें ढूँढ़ लेते हैं।

बचपन के दिन

अतुल कुमार श्रीवास्तव
बी.ए. हिंदी (विशेष) प्रथम वर्ष

बचपन के दिन थे कितने सुहाने,
चलो फिर चलें उन दिनों को वापस लाने,
जहाँ थी मस्ती , थी जहाँ नादानी,
थोड़ा सा गुस्सा , थोड़ी सी मनमानी ।
वो तीन पहियों वाली साईकिल भी कितनी प्यारी थी,
अपने खिलौने की हिफाज़त की
कितनी बड़ी ज़िम्मेदारी
वो दिन भी थे कितने अच्छे ,
वो गलियाँ वो मोहल्ले के बच्चे ।
होली के उन रंगों में भी तो कुछ बात थी,
मकर संक्रांति की उन पतंगों में ज़ज़्बात थी
दिवाली की फुलझड़ियों को हम कैसे भूले,
वो नीम के पेड़ पर खुद के लगाए हुए झूले।
रिश्तेदारों के जाने का होता था इंतजार,
उनसे कमाए हुए पैसों से था जो प्यार,
उन्हीं पैसों को लेकर दुकान दौड़ जाना ,
रबड़ी , चूरन और चॉक्लेट फिर मिलकर खाना ।
टूटे हुए दाँत रखकर सोने में भी मजा था
जिंदगी जीने का एक अनोखा वजह था ,
जानवरों की आवाज भी तो निकालना था,
नए खिलौनों से अपने दोस्तों जलाना था।
मेले का वो दृश्य भी था कितना लुभाना ,
नए खिलौनों को खरीदने था हमें जाना,
याद है मुझे पापा की पीठ की सवारी,
दोस्तों के साथ वो कट्टी -पक्की वाली यारी ।
लुका-छिप्पी और बर्फ-पानी का वो खेल,
पटरी पर चलने वाली मेरी खुद की रेल ,
गर्मी की छुट्टी भी स्वर्ग
की प्राप्ति से कम नहीं थी,
माँ भी मुझे डांटते-डांटते थकती नहीं थीं।
बारिश के दिनों में कीचड़ में कूद जाना,
ठंडी के दिनों में पहाड़ लगता था नहाना,
स्कूल ना जाने के लिए तैयार थे सौ बहाने,
बचपन के दिन थे कितने सुहाने ।
बीमार पड़ने पर माँ वो कड़वी दवा पिलाती,
जिसे पिलाने के बाद उसकी जान में जान आ जाती,
याद हैं वो जिद , वो हठ, वो नादानी और मनमानी,
किसी पाठ्यक्रम से कितनी प्यारी थीं
दादी नानी की कहानी,
छल , कपट का पाठ तो हमने कभी सिखा ही नहीं
झूठ और फ़रेब को हमने जाना ही नहीं,
गणित के पहाड़े, और हिंदी की कविता
दिन देखो कितना जल्दी-जल्दी था बीतता ।

प्रकृति-सा जीवन

स्वाति तिवारी
एम. ए. हिंदी (विशेष) प्रथम वर्ष

जीवन में खुशियां सदाबहार के पौधों सी हो,
जो हर जगह प्राप्त हो।
दुख खरपतवार सा हो,
जिन्हे उखाड़ फेंक दिया जाए।
जीवन में सफलता सूर्य की किरणों सी हो,
जो हर जगह प्राप्त हो।
हमारी सोच समुद्र सी विशाल और विस्तृत हो,
जिससे सही न्याय हो।
हमारा मन सदानीर सा निश्चल और धरती की माटी सा पावन हो,
जिससे हमारा जीवन समृद्ध हो।

उत्तर प्रदेश

आकाश कुमार सिंह
एम.ए. (हिन्दी) द्वितीय वर्ष

भारत गले में विश्व के
फूलों का हार है
उत्तर प्रदेश देव पुष्प
हर श्रंगार है
हर धरती में ये राम की है
परशुराम की धरती
बिखरे हैं स्नेह रंग जहाँ
श्याम की धरती
मीरा की साधना है ये
राधा का प्यार है
ये तप है बाल्मीकि का
श्री व्यास की वाणी
तुलसी,कबीर,सूर की
रैदास की वाणी
गीता का तत्व ज्ञान ही
इसका श्रृंगार है
कविता है 'भारतेन्दु' की
'प्रसाद' की व्यथा
'मजरूह' की ग़ज़ल है
'प्रेमचन्द' की कथा
'नीरज' का गीत
देवकी' का चमत्कार
ये वीरता हमीद की
विस्मिल की जवानी
आज़ाद की अशफाक की
है शौर्य कहानी
अब तक सुना रही जिसे
गंगा की धार है
काशी का सबेरा है यहाँ
लखनऊ की शाम
चाहत का ताज,योग का गोरक्षनाथ धाम
कुशीनगर का 'सूर्य मन्दिर' व यहाँ है
रामकोला धाम
भृगुक्षेत्र, तीर्थराज की
महिमा अपार है
इसकी नज़र लगी है
सितारों से भी आगे
चाहत है ये मजबूत रहें
हार के धागे
स्वागत में इसके आगे
सफ़लता का द्वार है
ये है उत्तर प्रदेश।

नारी

गुलजहां
एम.ए हिन्दी (विशेष) प्रथम वर्ष

पुरूष प्रधानता की
ज्वाला जलती नारी
घर पे पूजापाठ करते
बाहर बन बलात्कारी
अत्याचार करते उस पर जो , जानती
दुनिया सारी
जिसके जीव-जंतू,
पशु-पक्षी
सारे है आभारी ।

सपना

साक्षी सिंह
बी.ए. हिन्दी (विशेष) तृतीय वर्ष

मत छोड़ तू वो सपना,
जो तूने देखा है,
इनका तो काम है कहना,
अरे इनका तो काम है कहना.,
तू वो कर जो तूने ठाना है..
मत छोड़ तू वो सपना,
जो तूने देखा है,

फौजी अरे फौजी बनना
इतना आसान नहीं
इस खाकी की कीमत
इन्हें मालूम नहीं
अरे! सरहद पर जाना
सबके बस की बात नहीं...
उस -50० में खड़े रहकर
वतन की रखवाली करना
सबके बस की बात नहीं
मत छोड़ तू वो सपना,
जो तूने देखा है,
आज जो हंसते है
हंसने दे उन्हें
सुन, आज बस
तेरी किस्मत रुठी है,
अब बस मेहनत से
इसे मनाना है
मत छोड़ तू वो सपना,
जो तूने देखा है,
अब बस !
अपनी मेहनत से इस
वर्दी को अपनाना है,
अब बस _अब बस
साक्षी से ऑफीसर साक्षी
कहलाना है ।

दिवाली

मंटू कुमार साह
बी. ए. हिंदी (विशेष) द्वितीय वर्ष

उजाले से होती है, अंधेरे की हार
भेद भाव त्यागकर करें, सब लोगों से प्यार।
दीप बनकर सभी उजियारा करें,
दीवाली है ,ये प्रण लेने का पावन त्योहार।
(1)
प्रभु राम से मिलता है,सच्चा जिंदगी का सार।
शत्रु पर भी किये ना, वो पहले स्वयं से वार।
दोष मान लेने पर ,वो नहीं मानते हैं हार
दीवाली है, ये प्रण लेने का पावन त्योहार।
(2)
नफरतों से ना होती, कभी नफरतों की हार,
ना कोई मिलती खुशी,ना होता चैन का विस्तार ।
प्यार को प्यार रहने दो, ना बनने दो व्यापार।,
दिवाली है, ये प्रण लेने का पावनत्योहार।
(3)
ये जिंदगी है साहब समस्याओं का भंडार,
कभी मिलती है जीत कभी मिलती है हार।
फिर से उठकर जरूर, तुम चलो बार - बार ,
दिवाली है ,ये प्रण लेने का पावन त्योहार।
(4)
बढ़कर शिक्षा से, कोई जीवन में ना उपहार ,
तलवार से भी तेज है होती, कलम की धार,
बेटी बचाएंगे , पढ़ाएंगे , ये कर लो स्वीकार ,
दीवाली है, ये प्रण लेने का पावन त्योहार।
(5)
एक प्यार भरे दीप से, शहीदों को है नमन,
इन सपूतों से ही है, देश में शांति चमन ।
सभी शीश झुकाएं, इनके चरणों में बार - बार,

दिवाली है, ये प्रण लेने का पावन त्योहार।

ग़रीब का हक कहाँ है

विजय कुमार मीना
बी.ए.संस्कृत (विशेष) तृतीय वर्ष

चाहता तो था पढ़ना - लिखना वो, उसकी गरीबी ने उसे मार दिया।
मिला जो हक संविधान से उसे, तो संविधान विरोधियों ने कर - कर विरोध मन को उसके तोड़ दिया।
उस गरीब को तो उसकी गरीबी ने मार दिया।
लगा जो कुछ अलग करने तो धर्म जाति से लोगों ने उसे जोड़ दिया।
यह पाप है यह पुण्य हैं उस धर्म ने उसे उससे जोड़ दिया।
ग़रीब था वो उसकी गरीबी ने उसे मार दिया।
लगा जब वो कमाने घर चलाने को, तो अमीरों के घर सफ़ाई करने, खेतों में उनके हल चलाने, उन अमीरों को ही अमीर बनाने।
चाहता था वो ये सब नहीं करना, मजबूर था उसकी जाति धर्म ने करवा दिया।

ग़रीब था वो उसकी गरीबी ने उसे मार दिया।
जब हुईं शादी बच्चे तो, चाहता था ना भोगें बच्चे मेरे भोगा जो मैंने,
ना बीते बीती जो मेरे पे,
ना करे किया जो मैंने।
पर क्या करता वो गरीब था उसकी गरीबी ने उसे मार दिया।
चाहता था वो उन्हें पढ़ाना - लिखाना ।
लेकिन गरीब था वो उसकी गरीबी ने उसे मार दिया।
जब हुए बच्चे बड़े शादी के लिए, लगा ढूंढने वर, वधू शादी के लिए उनकी।

फिर लगा वो पैसे जुटाने दहेज़ के लिए,
तो अमीरों के घर वो पहुंच गया ,
अमीरों ने उन चंद पैसों के खातिर उसके परिवार को बंधवा बना लिया।
गरीब था क्या करता वो उसकी गरीबी ने उसे मार दिया।
शादी हुई गरीबी में तो घर में भी तनाव बढ़ गया।
आपसी मन मुटाव लगा था बढ़ने।
गरीब था वो आज सच में उसकी गरीबी ने उसे मार ही दिया।
चाहता था बहुत कुछ करना वो पर उसकी गरीबी ने उसे मार दिया।

नयन गीत

प्रताप रजत
बी. ए. इतिहास (विशेष) प्रथम वर्ष

कितने कौतुक कौतूहल से भरे नयन वे,
झांक रहे निष्पलक अपल इन आँखों में।
मिल पड़ने को आतुर कितनी आतुरता,
लेती हिलोर टलमल मेरी इन बाहों में।
उर अमर पक्षी बन मुक्त हुआ,
स्वप्नों का ले संसार अखिल।
निशा मिलन, अम्बर उपवन,
सुमन बने तारक झिलमिल।
संध्या के क्षण श्रृंगार काव्य का,
नया सृजन पट रचते हैं।
सब सोये स्वप्नों में खोए,
अब शेष हमीं दो बचते हैं।
शेष बचे हैं तारे भी,
हंसते हैं, मुस्काते हैं।
या भूल शशि की माया को,
तुम्हें देख मुस्काते हैं।
यह पवन बहे, बहता जाए,
इतिहास अगिन कहता जाए।
तेरी आँखों की माया में,
संसार कुटिल ढहता जाए।
उच्छवासों की ऊष्म पवन से हो सुरभित,
भरकर नवछवि की नई ज्योति इन आँखों में
जगकर रवि की नव जानी सी निर्मलता से,
मैं जाग पड़ूँ, तुम सांस भरो इन बाहों में।

गंगा की पुकार

नितेश कुमार पाण्डे
बी.ए.हिंदी (विशेष) द्वितीय वर्ष

मैं वहीं लेट गयी,
अपनी बाहों का विस्तार कर ,
नीला, मुझको जीवन का रंग देकर;
एक विशाल स्वर बोलता है,
खुशबू के रूप में, मीठा, सांसारिक सुगंध, मेरे चारों ओर के माहौल को हैरान कर देता है।
मैं एक माँ हूँ ,
जीवन की दात्री,
मैं एक पिता हूँ रक्षक,
जरूरत के समय में सहायक;
मैं एक बेटी हूँ
अपनी आवश्यकताओं के लिए,
जरूरत है कि एक कारण हैं
मेरे अस्तित्व के लिए;
मैं गंगा हूँ, स्वर्गीय निवासिनी।
यहीं आप सभी प्राणियों के साथ रहती हूँ,
लेकिन जैसे ही प्रणय उतरता है,
मैं वहीं पड़ी रही तेल और गंदगी में;
मेरी भावनाएँ जैसा कि आप लोग कहते हैं,
वे दयालुता के आपके क्रूर कृत्य से प्रभावित हुए हैं।
मेरा नाम जो वहाँ है,
शून्य के निकट यह वहाँ भूल है;
मेरा विस्तार, मेरा अवशोषण,
सबसे बुरा आप मुझे देना है।
मैं एक माँ हूँ मैं मजबूत हूँ, फिर भी चुप हूँ,
मेरा प्यार बिना शर्त है
मैं एक पिता हूँ,
कोई फर्क नहीं पड़ता
कि दुनिया क्या कहती है,
तुम मेरे लिए एक बच्चा बने रहोगे,
मैं एक बेटी हूँ, एक बच्ची ;
जो क्षमा करना जानती है।
मैं गंगा हूँ,
जीवन देने वाली, पापों को लेने वाली
क्षमा करनेवाली और मुझे भुला दिया गया।
मैं गंगा एक कैदी हूँ,
सुस्त समय के चंगुल में;
मुझे उम्मीद है कि समय बदल जाएगा,
मुझे पता है कि समय बदल जाएगा।

डोर जुड़ी है मेरे मन की

शिवानी राजपूत

डोर जुड़ी है मेरे मन की गाँव की भीनी मिट्टी से,
फिर से काश बुलावा आवे पोस्टमैन की चिट्ठी से
कुछ पाने को आये शहर में पता लगा सब हट गया,
सपनों के पीछे में भागा अपनों का संग छूट गया।
शहर की सड़कें काटन दौंडे पगडंडी याद सताये,
ए सी की ठण्ड न भावे चौपालों की हवा बुलाये
दौसा गाँव की सच्ची ना झंझट ना जिम्मेदारी,
खाओ -पियो और खेलो-कूदो न
मतलब क्या दुनियादारी
मिट्टी में सन घर पहुँचे फिर देखें अम्मा और चिल्याये,
खींचे कान दो थप्पर देवे और पापा का खौफ़ जताये,
बहुत याद आता है मुझको पीपल पर रेशम का झूला,
गुड्डा गुड़िया , झूठी रोटी और मिट्टी का छोटा चूल्हा
गुड्डे-गड़िया की शादी में जमके डांस किया करते थे,
कोल्ड ड्रिंक भी नहीं वहाँ, हम चीनी घोल पिया करते थे
बहुत कमी थी जीवन में पर मस्त जिन्दगी जीते थे
प्यार भरे सुईधागे से, हम रिश्ते बैठ के सींते थे
नहीं खिलौने पास थे अपने, धूल में खेला करते थे,
अम्मा न ले देख कहीं इस डर से कितना डरते थे
नहीं था दुश्मन कोई वहाँ बस यारों पे सब मरते थे,
कोई अगर मुश्किल में हो तो मदद सभी मिल करते थे
उखड़ गया वो गाँव मेरा पर शहर तेरा आवाद रहा,
मैं शहर में आके कैदी बन गया गाँव मेरा आजाद रहा
नमस्कार गये भूल सभी बस, hii-hello ही याद रहा,
मिलना- झुलना भूल गए सब whatsapp जिंदाबाद रहा
पैर न छूता कोई किसी के संस्कार सब भूल गये
Whatsapp - facebook की दुनियाँ में रिश्ते फाँसी झूल गए।

अम्मा की टीस

अलका तनीशा
बी.कॉम. प्रथम वर्ष

वर्षों पूर्व जब मैं छः-सात वर्ष की रही होंगी। मेरी माँ ने मुझे सुनील काका के विषय में बताया था। उन्होंने अपनी वृद्ध माँ-बाबूजी की सेवा नहीं की थी। मैंने माँ से पूछा था कि क्यों नहीं की तो उन्होंने कहा कि काका के आजी-बाबा की सेवा उनके माँ बाबूजी ने नहीं की थी। काका अपने आजी बाबा से असीम प्रेम करते थे। उन्होंने कहा कि "जब तुमने हमारे आजी बाबा की सेवा नहीं की तो हम तुम्हारी क्यों करें?" उन्होंने भी अपने माँ -बाबूजी की सेवा नहीं की। माँ ने कहा कि काका भी अपनी जगह सही हैं। जैसा करोगे आगे चलकर वैसा ही भरोगे। माँ ने काका का समर्थन किया।

एक बार की बात है, मैं आठ या नौ वर्ष की थी। मैं बड़े घर आई थी। चाची ,बड़ी माँ और अम्मा से मिलने; अब हम लोग अलग रहने लगे थे। दोपहर का समय था। चिलचिलाती धूप थी। चाची भोजन पकाते-पकाते माँ से गप्पें भी लड़ा रहीं थीं। घर के भीतर भी एक छज्जा था। मैं भी माँ के साथ छत पर थी। छज्जे से नीचे का दृश्य देख रही थी। तभी अम्मा अपने कमरे से बाहर आईं और ज़मीन पर पड़े हुए पानी पर फिसल कर अकस्मात् धम्म से गिर पड़ीं। आवाज आई, " हे !राम हे! राम" मुझे उन्हें गिरा हुआ देखकर बहुत तकलीफ़ हुई। मैं उन्हें उठाने ही जा रही थी कि माँ ने तुरंत पूछा "क्या हुआ?" मैं दर्द और भय के साथ बोली "अम्मा गिर गई"। मैं जाती नीचे कि माँ ने कहा "रुको! मत जाओ" मुझे धक्का सा लगा। नीचे एक वृद्ध महिला जो फिसल कर गिर गई है, दर्द से चीख रही है ,जो मेरी दादी है। जो मेरे पूज्य पिताजी की पूजनीय हैं। उन्हें उठाने ना जाऊं। मेरे हृदय की पीड़ा को माँ के वचन ने और बढ़ा दिया था। मैं धर्मसंकट में थी किसकी बात का मान रखूँ? एक ओर जन्म देने वाली पूजनीय माँ थी। दूसरी ओर अपनी थाली का दूध पिला कर खुद सूखी रोटी खाने वाली दादी माँ थी। एक ओर अम्मा की टीस थी, दूसरी ओर माँ का आदेश था। मैंने माँ की बात का मान रखा। मैं नहीं गई। ताऊजी व उनकी बेटी ने अम्मा को संभाला। परंतु मेरे मन में माँ के लिए क्रोध और आक्रोश की भावना जन्म ले चुकी थी। मैं उनके इस निर्णय से आहत थी।

हृदय में प्रश्नों का सैलाब उमड़ रहा था। मैं माँ से चीख-चीख कर पूछना चाहती थी कि आप मुझे कैसा उदाहरण, कैसी सीख दे रही हैं? मुझे सुनील काका वाली बात याद आई। मुझे उनका दुःख समझ आया। मैं उनका दुःख महसूस कर पा रही थी। क्योंकि अम्मा को जो तकलीफ थी वह शारीरिक थी। परंतु मुझे मन में पीड़ा हुई थी। करारा दर्द उठा था छाती में। मेरे मन में इतना आक्रोश और इतनी नफरत माँ के लिए कभी नहीं थी। मुझे सुनील काका का निर्णय सही लग रहा था। मुझे इस बात का दुःख हुआ कि माँ मेरा दुःख ना समझ पाईं।

मेरे पास उस समय दो विकल्प थे, या तो मैं माँ से आजीवन इस बात के लिए रूठ जाती या मैं उन्हें क्षमा कर देती। क्षमा करना उस समय बहुत दुःखदाई लग रहा था। मेरे समक्ष सुनील काका थे, अम्मा थी, और मेरी प्यारी माँ थी। मैं मन ही मन नाराज थी, फिर मैंने अपने हृदय को शांत किया। मैंने दृढ़ निश्चय किया कि मैं आजीवन किसी भी बच्चे की अम्मा को ऐसी तकलीफ़ नहीं दूंगी। मैं किसी भी बच्चे को कभी ऐसी पीड़ा नहीं दूंगी, जो मुझे हुई। चाहे मैं अपने घर में रहूं या किसी और के घर जाऊं। मैंने अपने आपको समझाया कि माँ ने भले ही जो भी किया हो मैं उनके साथ ऐसा कभी नहीं करूंगी। मुझे भी पीड़ा हुई पर मैं माँ को ऐसी पीड़ा कभी नहीं दूंगी,जब वह वृद्ध होंगी तब भी नहीं। जब मैं अपने ससुराल जाऊंगी, किसी भी वृद्ध के साथ ऐसा दुर्व्यवहार नहीं करूंगी। मैंने माँ को मन ही मन क्षमा कर दिया। आखिर माँ है वह मेरी ,मैं उनको दादी माँ से अधिक प्यार करती थी। आज भी करती हूं, तभी शायद उस दिन माँ का कहा नहीं टाल पाई थी। एक अच्छी बेटी और बहू बनने का निर्णय लिया था ताकि मैं किसी भी बच्चे को और उसकी दादी को या उसकी माँ को कभी भी ऐसी टीस ना दूं, जो अम्मा को उस दिन माँ ने दी थी। ऐसी चोट ना दूं, जो उसके जीवन पर दुष्प्रभाव डालें और गलत फैसले लेने पर मजबूर कर दे।

आखिर में ,मैं अपनी प्यारी अम्मा से मिलकर हँसी-खुशी इस दृढ़ संकल्प और अपनी मां के साथ अपने घर आ गई । मैं और माँ हंसते खिलखिलाते साथ रहते हैं। आज भी मेरे मन में उनके लिए नफरत नहीं, मात्र प्रेम की भावना है।

भावनाओं से बुना

प्रीत चौधरी
बी.ए.इतिहास (विशेष) प्रथम वर्ष



माता नि पछेडी , जिसे गुजरात की कलमकारी भी कहा जाता है, भारत की एक अनोखी परंपरा है। इसका शाब्दिक अर्थ है, 'देवी माँ के पीछे'। यह एक ऐसा कपड़ा होता है जिस पर देवी माँ का मंदिर चित्रित किया जाता है और उसकी पूजा की जाती है ।

इतिहास :

आज से लगभग तीन सौ साल पहले गुजरात के देवीपूजक वाघारी समुदाय को दूसरों से निम्न तबके के होने के कारण मंदिरों में प्रवेश से वंचित रखा गया। इस कुप्रथा के प्रतिरोध में, खानाबदोशों ने एक अनोखी परम्परा की शुरुआत की । उन्होंने देवी की एक छवि को कपड़े के एक टुकड़े पर चित्रित किया और इस चित्र की ओर पूजा का प्रावधान आरंभ किया। विभिन्न कथाओं, मिथकों और गाथाओं को इस परंपरा के माध्यम से सुनाया जाने लगा जैसे कि खोडियार, बहुरचरण , सोलंकी, अंबा और अन्य देवियों की कहानियाँ।

कलाशैली :

देवी पूजक समुदाय पिछले 300 - 400 वर्षों से इस कला को जीवित रखे है। तीन मीटर लंबी पछेड़ी पारंपरिक रूप से गहरे लाल और काले रंग की होती हैं चित्रण आमतौर पर हाथों से किया जाता था लेकिन बाद में ब्लॉक उपयोग किए जाने लगे l पछेड़ी की रूपरेखा आमतौर पर यह है की केंद्र में देवी का चित्रण है, और अन्य तत्व उन्हें घेरे हुए हैं। पछेडी की विषयवस्तु उपासक के महाकाव्य, मिथकों, कहानियों और मान्यताओं से प्रभावित होती है। देवी का वाहन उनके अवतार को दर्शाता है । खोडियार एक मगरमच्छ के ऊपर स्थित है, जबकि मेलादी एक बकरे की सवारी करती है, और विहट एक भैंसे पर है। चामुंडी एक शेर के साथ दर्शायी जाती है , वाहवती एक नाव पर आसीन है। उनका हस्तक्षेप समस्याओं को सुलझाने, दंपतियों को गर्भ धारण करने में मदद करने और सभी तरह की इच्छाओं को पूरा करने के लिए किया जाता है। वरदान मिलने के पश्चात् भक्त देवी का धन्यवाद करते हुए प्रसाद चढ़ाते हैं। इन परिधानों पर विभिन्न देवी-देवता दिखाई देते हैं, जो अपने साथ कथाओं, प्रतीक-चिह्नों और संघों का एक संपूर्ण ब्रह्मांड लेकर आते हैं जैसे कि राम, सीता, रावण और राधाकृष्ण ।

प्रासंगिकता और विरासतः

वाघारी समुदाय आधुनिक समय में जयपुर और अहमदाबाद के क्षेत्र मे स्थित हैं| इस कला के कुछ अंतिम कारीगर परिवार अहमदाबाद में हैं| यह तंबू मंदिर शासकों द्वारा बनाये गए भव्य मंदिरों से बिल्कुल विपरीत हैं। खानाबदोश समुदाय के लिए यह एक निर्मित मंदिर के लिए एक रुचिकर विकल्प थे| माता नी पछेडी उन लोगों द्वारा प्रस्तुत प्रतिरोध का एक मजबूत प्रतीक है, जो "सामाजिक व्यवस्था" के नियमों का पालन नहीं करते हैं। इस अनूठी और पावन कलाकृति को पहचान की जरूरत है| इसे जीवन्त रखने हेतु स्थायी बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए पर्याप्त वित्तीय सहायता देने की आवश्यकता है।

लफ्ज़

अमीषा त्रिपाठी
बी. ए. हिंदी (विशेष) प्रथम वर्ष

यूं तो लफ्ज़ लफ्ज़ हैं,
मगर ताकत बड़ी इन लफ़्ज़ों में।
आजमा कीजिए लफ़्ज़ों को मिलेगा,.
सब कुछ इन लफ़्ज़ों में।।
प्यार इन्हीं लफ्ज़ों में आता, तो नफरत भी इन्हीं लफ्ज़ों में।
विश्वास इन्हीं लफ्ज़ों में आता, तो धोखा भी इन्हीं लफ्ज़ों में।
विनम्रता इन्हीं लफ्ज़ों में आती, तो गुरूर भी इन्हीं लफ्ज़ों में।
यूं तो लफ्ज़ लफ्ज़ हैं, मगर ताकत बड़ी इन लफ्ज़ों में।
टूटे- रिश्ते जोड़ देते हैं ये लफ्ज़, जुड़े रिश्ते तोड़ देते है ये लफ्ज़।
आत्मविश्वास देते हैं ये लफ्ज़, तो कायरता भी सिखा जाते ये लफ्ज़।
अमर होते हैं ये लफ्ज़, तो भटकते भी हैं ये लफ्ज़।
यूं तो लफ्ज़ लफ्ज़ हैं, मगर ताकत बड़ी इन लफ्ज़ों में।
आंखों का तारा बना जाते हैं ये लफ्ज़,
तो आंखों का शूल भी बना देते ये लफ्ज़।
आदर देते हैं ये लफ्ज़, तो गालियां भी देते हैं ये लफ्ज़।
कौन कहता कि सिर्फ सच कहते लफ्ज़? झूठ भी बोलते लफ्ज़।
यूं तो लफ्ज़ लफ्ज़ हैं, मगर ताकत बड़ी इन लफ्ज़ों में।
दूरियां मिटाते हैं लफ्ज़, तो दूरियां बढ़ाते भी हैं लफ्ज़।
रुलाते हैं लफ्ज़, तो हंसाते भी हैं लफ्ज़।
दिल की छिपाते हैं लफ्ज़, तो दिल की बताते भी हैं लफ्ज़।
नज़रें चुराते हैं लफ्ज़, तो नज़रें मिलाते भी हैं लफ्ज़।
दुआ दिलाते हैं लफ्ज़, तो बद्दुआ भी दिलाते हैं लफ्ज़।
यूं तो लफ्ज़ लफ्ज़ हैं, मगर ताकत बड़ी इन लफ्ज़ों में।
दिल को चीर जाते लफ्ज, तो दिल का जख्म बनते लफ्ज़।
ऐतबार करते यह लफ्ज़, तो इंतकाम लेते लफ्ज़।।
अब तो इन लफ्ज़ों की गुजारिश है आपसे,
कि लफ्ज़ों की ताकत को जानिए।
आदतन लफ्ज़ का प्रयोग ना कीजिए।
एक बार बोलिए, तो सौ बार सोचिए।
प्रयोग कीजिए उन लफ्ज़ों का, जो आप चाहते हों अपने लिए।
लफ्ज़ों के बाण से प्रहार ना कीजिए।
आदतन इन लफ्ज़ों का प्रयोग ना कीजिए।
यूं तो लफ्ज़ लफ्ज़ है,
मगर ताकत बड़ी इन लफ्ज़ों में।
आजमा लीजिए लफ्ज़ों को,
मिलेगा सब कुछ इन लफ्ज़ों में।

प्रकृति हर कलाकार की प्रेरणा है

रिया उपाध्याय
बी.एससी. लाइफ साइंस प्रथम वर्ष

धरती धैर्य धारण का देती संदेश,
दे अनिल अनवरत चलने का आदेश।
ऊंचे पर्वत देते गंभीरता का उपदेश,
यह प्राकृतिक दृश्य देख धरा-अंबर संग झूमे सारा देश।
कल - कल करता नदियों-झरनों का जल,
कलाकार का मन हो जाता विहवल।
रंग - बिरंगे फल - फूलों को सींचता माली,
अभिव्यक्त होती प्रकृति के सुषमा की लाली।
देख प्रकृति का अनुपम सौंदर्य मयूर नाचे आंगना,
सूरज - चंद्रमा की छटा से मस्त होती मृगांगना।
गर्मी - सर्दी कभी वर्षा या हिमपात हो हिमांगना,
प्रेरित होते कवि, कलाकार, चित्रकार समेत नृत्यांगना।

नहीं है तो मनुष्य

मयंक
बी. ए. हिंदी (विशेष) द्वितीय वर्ष

हिन्दू है, मुस्लिम है
सिख है ईसाई है
नहीं है तो मनुष्य
दलित है, सवर्ण है
पंडित है, अछूत है ।
नहीं है तो मनुष्य,
डाक्टर है, कलेक्टर है
पेशगार है , हवलदार है
पत्रकार है, सरकार है
डंडा है, तलवार है
नहीं है, तो मनुष्य
लेफ्ट है, राइट है
सिपाही है, किसान है
नहीं है तो मनुष्य।
क्यों नहीं है मनुष्य ?

वटवृक्ष

प्रीत चौधरी
बी.ए. इतिहास (विशेष) प्रथम वर्ष

मैं बरगद का पेड़ हूं।
मैंने जमाने बदलते देखे हैं,
मैंने पूजा के दीपक जलते,
और घरानों के चिराग बुझते देखे हैं।
मैंने देखे हैं वह दिन सुहाने ,
मैं देख रहा हूँ यह दिन तरक्की के
और अपने अनुभव से चाहो तो कह सकता हूँ कि कल क्या होगा?
मैंने अपनी दाढ़ी पर बच्चों को झूलते देखा है,
मैंने अपने चारों और सावित्री सुहागिनों को पूजा करते देखा है,
मैंने देखे हैं वह फैसले पंचायत के,
मैंने सुनी है वह चर्चा बूढों की।
मैंने ज़माने बदलते देखे हैं |
मैंने उड़ते देखे हैं गुलाल होली के
मैंने देखे हैं जलते दिए दिवाली के
मेरे नीचे कभी शिव तो कभी राधा कृष्ण बैठे हैं
ऐसे ही थोड़े मैं पूजा जाता हूँ |
मैंने देखे हैं उद्गम संस्कार के
मैंने देखे हैं उद्भव संस्कृति के
मैंने देखी हैं शुरुआत रीति की
मैंने देखे हैं ज़माने बदलते ||
मैंने देखे हैं बच्चे गुरुकुल में
मैंने देखी है नींव गुरु शिष्य परंपरा की
मैंने देखे हैं ऋषि मुनि तपोवन में |
मैंने विश्वामित्र की तपस्या देखी है
मैंने शकुंतला की विवशता देखी है,
मैंने देखा है वनवास पांडवों का
मैंने राम की सद्भावना देखी है।
मैंने देखा हैं ज्ञान बुद्ध का
मैंने शक्ति-शिव का संवाद देखा है
मैंने देखा है वह सब कुछ जो नहीं दिखता आँखों से भी।
मैं हूँ वटवृक्ष मेरी छत्रछाया में सब खेल कूद कर बडे हुए
और आज तुम मुझे ही काटने चल दिये ||

जीवन में इतना संघर्ष क्यों है

अंतरिक्ष श्रीवास्तव
बी.ए. हिंदी (विशेष), तृतीय वर्ष

भविष्यवाणी के ज्ञात होते हुए भी मनुष्य होनी को टाल नहीं सकता| समय चक्र के घटनाक्रम में आपत्तियों को तीन चरणों में देखना चाहिए पहला चरण पूर्वाभास और आत्मचिंतन का होता है | पूर्वाभास में घड़ी की सुई और मन की गति उसे हमेशा अपने ऊपर आने वाले संकट की सूचना देती रहती है| आत्मचिंतन घटना की सजीवता का पता लगने के बाद उसके निवारण का मार्ग ढूंढता है| खुशियाँ जूतों की धूल की तरह स्थायी नहीं होती|जैसे जूतों में धूल का आना जाना लगा रहता है वैसे ही जीवन में खुशियों का आना जाना भी लगा रहता है| आज भारत ही नहीं पूरा विश्व जिस महामारी से लड़ रहा है| इसका आभास भी विश्व को अवश्य हुआ होगा और आत्मचिंतन स्वरुप कई देश इस पर विजय पाने की चाह रखते हैं, दूसरा चरण संघर्ष से भरा हुआ होता है| इसमें संघर्ष के साथ साथ आत्मविश्वास का होना अति आवश्यक है| ये दोनों हमेशा एक दूसरे के पीछे रहते हैं| प्रकाश और अंधकार की भाँति साहस मार्ग में आने वाली अनेक समस्याओं से लड़ने की क्षमता प्रदान करता रहता है| लेकिन कभी कभी संघर्ष का काल इतना बड़ा होता है कि इसे करने वाला थक कर बैठ जाता है| इस समय आत्मविश्वास उसे धीरज देता है और अंधकार से प्रकाश तक जाने का मार्ग दिखाता है| भारत के लिए भी यह संघर्ष का समय है लेकिन यह इतना बड़ा संकट है| कि कई देश विकास से 20-25 साल पीछे पहुँच गए हैं| इस महामारी से लड़ने के लिए आत्मविश्वास के रूप में डॉक्टरों का अमूल्य योगदान है| यदि हम संघर्ष और आत्मविश्वास से इस महामारी से लड़ते रहे तो इतिहास के पन्नों में प्रेरणा के स्रोत होंगे| अंतिम चरण का अभी तक कोई बोध नहीं है, क्योंकि विश्व की तरह मेरा जीवन भी अभी संघर्षमय है।

अंधेरे में उजाला

नितेश कुमार पाण्डे
बी.ए.हिंदी (विशेष), द्वितीय वर्ष

मैं शांति के साथ वहाँ खड़ा था,
जटिल और पेचीदा ताला खोलने के लिए,
मेरे सिर में घूमती हुई
शाखाओं को तोड़ने के लिए,
सभी दीवारों पर फैली हुई
प्रवेश श्रृंखलाओं को तोड़ने के लिए।
मैं अवचेतन के महल में खड़ा था
मैं फूलों से झिलमिलाता हुआ सज रहा था,
मैं वहाँ खड़ा था
सूरज की रोशनी भीग सी गई थी।
मैं पक्षियों को चहकते हुए सुन रहा था,
संध्या गीत गाने के बाद,
मेरी माँ मंत्रों का उच्चारण कर रही थी,
कुत्ते भौंक रहे थे,
और नदियों में मछलियाँ
लहरों के साथ नृत्य कर रहीं थीं,
उनका स्पर्श मात्र प्रेमियों के लिए
लक्ष्य निर्धारित कर रहा था
और इस सुंदर दृश्य में,
रंगों को जोड़ने वाला
एक ज्वलंत इंद्रधनुष सामने दिखाई दे रहा था।
मैंने कभी भी इस खूबसूरती को नहीं देखा,
मैं हाँफने लगा था,
आसमान साफ था,
बादलों का निर्माण,
आकाशगंगाओं की कल्पना
मैंने केवल अपनी मेधा में की थी।
ऐसा लग रहा था
कि रेत दो शरारती भाई-बहनों की तरह
लहरों के साथ खेलती हुई
पंखों के साथ उड़ रही थी
पेड़ नाच रहे थे
और हवा सीटी बजा रही थी,
पत्तियाँ एक माधुर्य पैदा करती थीं,
जो एक-दूसरे पर फिसलती थीं।
मैं शांति से खड़ा था,
प्रकृति अपने सबसे अच्छे स्थान पर थी,
यह एक लॉकडाउन था,
हम उपचार कर रहे थे,
हर कोई इस तरह से बहाल कर रहा था,
यह हम सभी के अंदर युद्ध छेड़ रहा था
यह डर, घबराहट,
चिंता और अवसाद था।
मैं चढ़ाई कर रहा था,
मेरा सिर अंदर जोर से चिल्ला रहा था,
चीजों को तोड़ रहा था और कोस रहा था,
जंजीरों में रूपकों को बुन रहा था।
मैं देख रहा था आज,
आशा की हल्की झलक है,
सुंदर प्रकृति और सूरज की रोशनी है,
सूरज फिर से उग रहा है।

मेरी दुनिया

श्रोहन (कृष्णा मिश्रा)
बी. ए. अर्थशास्त्र (विशेष) द्वितीय वर्ष

अक्सर मैं बच्चे सा, बच्चों के साथ रहता हूँ..
दिल से हँसता और खुल कर रोता हूँ
नहीं पसंद यह होशियारों की दुनियाँ
जहाँ हँसी और आँसू, हथियार हैं
जहाँ मतलब का प्यार है
जहाँ दिल में भी दिमाग है...
हाँ हाँ, कभी नहीं..
निमंत्रण अस्वीकार करता हूँ
दिमागी हुकूमत नकारता हूँ
हूँ खुश मैं अपनी दुनियाँ में
जहाँ दिल की पुकार सुनता हूँ !

देश भक्ति कविता

राम वीरेश यादव

देश की माटी में उपवन का ऐसा फूल खिला देंगे।
मातृभूमि के आंगन में हम ज्ञान का दीप जला देंगे।।
तीन रंग से सजा तिरंगा सब की याद दिलाता है।
हिंद महासागर जैसा ये लहर लहर लहराता है।।
मन में मेरे उथल-पुथल सबको यह बतला देंगे।।।
मातृभूमि के आंगन में हम ज्ञान का दीप जला देंगे।
देश की माटी में उपवन का ऐसा फूल खिला देंगे।।
मातृभूमि के आंगन में हम ज्ञान का दीप जला देंगे।
मेरी माँ और धरती माँ में इतना सा है फर्क ये पाया।
एक ने मुझको जन्म दिया दूजी ने मुझको अन्न खिलाया।।
जान से ज्यादा प्यार करें हम दुश्मन को सिखला देंगे।।।
मातृभूमि के आंगन में हम ज्ञान का दीप जला देंगे।
देश की माटी में उपवन का ऐसा फूल खिला देंगे।
मातृभूमि के आंगन में हम ज्ञान का दीप जला देंगे।
रात गई दिन निकला है ओ सूरज ने पंख पसारे।
मधुर प्रेम से गोद बिठाकर माँ बिटिया के बाल सँभारे।
माँ के आंचल को न छोड़ो हम भी ये बतला देंगे।।
मातृभूमि के आंगन में हम ज्ञान का दीप जला देंगे।
देश की माटी में उपवन का ऐसा फूल खिला देंगे।
मातृभूमि के आंगन में हम ज्ञान का दीप जला देंगे।।
भारत माँ के आंचल के जज्बे बड़े निराले हैं।
आँच आए जब आंचल पर तो शहीद हुए दिलवाले हैं।।
अंग अंग और रोम रोम में जय हिन्द जगा देंगे।
मातृभूमि के आंगन में हम ज्ञान का दीप जला देंगे ।।
देश की माटी में उपवन का ऐसा फूल खिला देंगे।
मातृभूमि के आंगन में हम ज्ञान का दीप जला देंगे।।

चमत्कार

अलका तनीशा

प्रातः काल का समय था। मैं उठी तो देखा कि मैं अपने कमरे में नहीं हूँ। घर में विचित्र सी शांति थी। मैं बाहर गई तो सब आंगन में खड़े थे। ऐसा लग रहा था कि किसी की प्रतीक्षा कर रहे हों। मैं तब संभवतः चार वर्ष की भी नहीं रही होंगी। मैं माँ को ढूंढ़ने लगी। माँ आंगन में नहीं थी। हमारे कमरे में पर्दा लगा हुआ था। कोई मुझे रोक पाता कि मैं झटपट माँ को देखने हमारे कमरे में गईं। मैंने पर्दा खोलकर उत्सुकता पूर्वक देखा तो मेरी सांसें थम गई। मैंने देखा कि माँ बेसुध पेटीकोट और ब्लाउज पहने जमीन पर पड़ी है। अम्मा माँ के बगल में बैठी थी। एक और महिला मां की दूसरी ओर चाकू हाथ में पकड़े बैठी थी। माँ के आसपास लहू बह रहा था। मैं दौड़ते हुए घर के बाहर जाने लगी तभी मुझे पिताजी मिल गए। मैं उनसे भय और पीड़ा के मारे जा चिपकी और बहुत ही वीभत्स स्वर में अश्रु की नदियां बहाते हुए बोली "माँ को मार डाला!!"।
पिताजी ने मुझे गोद में उठाया और बोले "नहीं बेटा ठीक है'। परंतु मैंने जो दृश्य आंखों से देखा उसको ही सच मान लिया था। रोते-रोते मैं सो गई। संध्या का समय था। मैं उठी इस बात के साथ की मां मर चुकी है। मैं फिर आंगन में गई। उसके बाद जो मैंने देखा वह चमत्कार था। वह आंगन में थी हँस रही थी। मैंने

असीम प्रसन्नता के साथ पूछा "आप जिंदा हो?" माँ ने उत्तर दिया "हां!! मैं मरी नहीं।" उस समय मुझे मेरी उजड़ी हुई दुनिया वापस मिल गई थी। उन्होंने बोला "अब तुम कमरे में जा सकती हो। कुछ है कमरे में तुम्हारे लिए'। मैं खुशी-खुशी अपने कमरे में गई। कमरे में बिस्तर को छोड़कर अब एक खटिया भी पड़ी हुई थी। मैंने खटिया में बैठ कर पाया एक छोटी सी बच्ची सफेद कपड़े में लिपटी हुई है। माँ अंदर आई और बोली "तुम्हारी छोटी बहन है वह"। मैं और खुश हो गई। सोने पर सुहागा हो गया था। भगवान ने मुझे मेरी माँ के साथ-साथ बहन भी दे दी थी। मैं अपने आप को सबसे अधिक भाग्यशाली समझ रही थी। मैं अब अकेली नहीं थी। खुशी के कारण साथ मैं सातवें आसमान में उड़ने लगी थी। यह सब सोचकर मैं अपनी बहन को खिलाने लगी और माँ से बातें करने लगी।

मैं हिन्दी हूँ!

यशराज गुप्ता
बी.एससी. नृविज्ञान, प्रथम वर्ष

चलो किसी ने तो मुझे जाना,
मेरी महत्ता तथा मजबूरी को पहचाना।
अब तुम सब सुनोगे मेरी कहानी,
जिसके कारण तुम खेलते थे राजा-रानी।
तो सुनो मैं हिंदी हूँ।
तुम्हारी जिंदगी में कई लोगों ने तुम्हारा दिल तोड़ा,
पर मैंने बचपन से अब तक तेरा साथ ना छोड़ा।
जानती हूँ तुम मुझे भूलना चाहते हो,
दूसरी भाषाओं को बोलना चाहते हो।
ठीक है! सुनो मैं हिंदी हूँ।
ना जाने क्यों लोग अब मेरे इस्तेमाल पर हँसते हैं ,
अगर मैं निकलने की कोशिश भी करूं तो मुझे दबा देते हैं।
बड़े क्या, अब तो बच्चे भी मुझसे घृणा करते,
मुझे बोलने से अब वे भी डरते|
अच्छा सुनो मैं हिंदी हूँ।
वह भाषा जो तुम्हारी गलती पर संभालती ,
आज उसे बोलने में लोग करते बेज्जती।
जिसने तुम्हें सदा सिखाई तुम्हारी संस्कृति तुम्हारी संस्कृति ,
क्यों नहीं समझते तुम आज उसकी स्थिति।
सुनो! मैं हिंदी ही हूँ।
मैं अपनी तारीफ नहीं करना चाहती,
कुछ सालों के दबे हुए जज्बातों को तुम्हें सुनाती।
पता है तुम्हें , दूसरी भाषाएं मुझ पर हँसती,
"तेरे अपने ही तुझे नहीं चाहते" यह कह कर मुझे सताती ।
फिर भी मैं कहती, कि मैं ही हिंदी हूँ ।
जब मेरे अपने देश के लोग ही मुझे नहीं समझते,
तभी तो सारी भाषाएं मेरी सदा आलोचना करते।
सभी भाषाएं अपने देशों में प्रसिद्ध हो रही,
ना जाने क्यों बस एक मैं ही हूँ जो दबी जा रही।
तो क्या मैं हिंदी हूँ?
मेरी तुम लोगों से कोई शिकायत नहीं, तुम जो कहोगे वही होगा सही।
कोई मुझे समझे तो बस उस पर हँसना नहीं,
कोई मुझे बोलना चाहे तो कृपा कर उसे दबाना नहीं।
मेरी कभी पूरे विश्व में प्रशंसा करना नहीं ,
अगर मैं भविष्य में न रहूँ तो बस याद कर लेना तभी,
बच्चों को मेरे बारे में बताना अगर तुम्हें लगे सही।
बस अगर मेरी प्रशंसा नहीं कर पाए,
तो आलोचना मत करना तुम सभी।
धन्यवाद मेरी बातों को सुनने के लिए,
"हिंदी से था हिंदुस्तान" बस यह सदैव याद रखिए।
जिसके कारण इतिहास के महापुरुष तथा महाग्रंथों में प्रचलित हुई थी,
आज वही तन्हाई में कहीं पीछे छुप गई।
तो, क्या मैं एक हिंदी थी कभी?

कोई और

अंतरिक्ष श्रीवास्तव
बी.ए. हिंदी (विशेष) तृतीय वर्ष

मैं नहीं चाहता
उसके मस्तक को कोई और चूमे
मैं नहीं चाहता
उसकी हथेली को अपने हांथो की
रेखाओं से जोड़ कर
एक लंबे सुनसान रास्ते
पर कोई और चले
ठहर कर ....
मांशपेशियों पर जोर
देते हुए
मैंने उससे पूछा
आखिर कौन है ?
ये कोई और
उसने कहा.....भय
मुझे खो देने का भय ही है कोई और।

रास्ता

यशराज गुप्ता
बी.एस. सी. एंथ्रोपोलोजी प्रथम वर्ष

वो रास्ता ही है ना?
जहाँ से एक एंबुलेंस गया होगा,
जिसमें कोई जिंदगी-मौत के बीच होगा।
जहां से कभी कोई जिंदा ,
तो कोई मर कर गुजरा होगा।

वो रास्ता ही है ना?
जिसमें एक ममता भरी माँ ,
अपने बच्चे से मिली होगी।
वहीं दूसरी ओर एक बूढ़ी औरत,
घर से निकाली गई होगी।

तू वो रास्ता ही है ना?
जिस पर चलकर कई लोग ,
अपनी जिंदगी की मंजिल पाए होंगे।
और कई उसी पर ,
अपनी किस्मत को कोसते होंगे।

यह वो रास्ता ही है ना?
जहां दो दिल मिले होंगे ,
वहीं दो दिल बिछड़े भी होंगे।
जिसपर तुम चलके बच्चे से बड़े हो जाते ,
और समय के साथ जिम्मेदारियों से भर जाते।

वो रास्ता ही है ना ?
जिस पर तुम दोस्तों के साथ साइकिल चलाते थे ,
और आज कार पर अकेले ही चले जाते हो।
जहां से तुम स्कूल जाते थे ,
आज नौकरी पर वहीं से जाते हो।

फिर तो वो रास्ता ही है ना ?
जिसपर चलके सब बदल गए,
